राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल से संगीतकार अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 24 अप्रैल। गजल गायक उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन ने पद्म श्री से सम्मानित होने के बाद राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

----

## राज्यपाल ने गर्मी को देखते हुए राजभवन में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

जयपुर, 24 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सोमवार को राजभवन में पक्षियों के प्यास बुझाने के लिए परिंडे लगाए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि आने वाले दिनों में तपिश और बढ़ेगी, ऐसे में अधिकाधिक लोग पक्षियों के लिए अपने घरों और आस–पास के पेड़ों पर परिंडे लगाएं तथा सुबह–शाम इनमें दाने–पानी की व्यवस्था करें।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र को सोनल सलोनी माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के श्री गोकुल माहेश्वरी ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी।

------